## संपादकीय

# सुविधा की राजनीति

व्यवस्था के साथ इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों का इनकम टैक्स 1981 से ही सरकारी खजाने से वसूला जा रहा है। इसे सुनिश्चित करने वाला उत्तर प्रदेश मिनिस्टर्स सैलरीज अलाउंसेज ऐंड मिसलेनियस ऐक्ट 1981 दरअसल तब पारित हुआ था, जब राज्य के मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह थे। इसके लिए दलील यह दी गई थी कि राज्य के कई मंत्री इतने गरीब हैं कि वे अपना आयकर नहीं भर सकते! इस कानून के मुताबिक अब तक के सभी 19 मुख्यमंत्रियों और उनके करीब 1000 मंत्रियों का आयकर यूपी गवर्नमेंट जमा करवा चुकी है।

इस साल यूपी सरकार के मंत्रियों का कुल आयकर 86 लाख रुपये जमा किया गया है। (हालांकि सरकार अब यह कानून खत्म करने पर विचार कर रही है।) चुनाव लड़ते समय ये ही लोग अपने शपथपत्र में अपनी संपत्ति करोड़ों में दिखाते हैं, लेकिन इनकम टैक्स अपनी जेब से भरना इनके अजेंडे पर नहीं आता। देश के एक पिछड़े राज्य के जन प्रतिनिधियों का यह आचरण तकलीफदेह है, हालांकि ऐसा वे एक कानूनी ढांचे के तहत ही कर रहे हैं। विपक्ष में रहे किसी दल ने इस पर आज तक सवाल नहीं उठाया, इससे अंदाजा मिलता है कि सरकारी खजाने को चूना लगाने को लेकर राज्य के सभी दलों के बीच आपसी समझौता है। लेकिन अभी तक इस कानून के खिलाफ कोई जनहित याचिका क्यों दाखिल नहीं हुई, यह खुद में एक चकित करने वाली बात है। बहरहाल, अमानत में खयानत का यह किस्सा किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। विभिन्न प्रदेशों से जन प्रतिनिधियों के पदमुक्त होने के बाद भी सरकारी बंगले में डटे रहने या छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए लड़ने की खबरें हमें आए दिन शर्मसार कर जाती हैं। यूपी में ही कई पूर्व मुख्यमंत्रियों ने वर्षों से सरकारी बंगलों पर कब्जा जमा रखा था। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई तो रोते-पीटते वे वहां से हटे। मध्य प्रदेश के विधायक अभी अपनी सुविधाएं बढ़ाने के लिए लड़ रहे हैं। उनकी मांग दो करोड़ की विधायक निधि और स्वेच्छानुदान को दोगुना करने, रेल यात्रा के लिए कूपन के बजाय सांसदों की तरह कार्ड हासिल करने की है, जबकि महंगा लैपटॉप उन्हें मिल चुका है और मकान-गाड़ी के लिए कर्ज की सीमा बढ़ाई जा चुकी है।

राजस्थान में बीजेपी सरकार ने 'राजस्थान मंत्री वेतन संशोधन अधिनियम' लागू किया था, जिसके तहत अपना कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्री को आजीवन कैबिनेट मंत्री की सुविधाएं देने का प्रावधान था। अभी राजस्थान हाईकोर्ट ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। ऐसी कोशिशों को अदालत से झटका यूपी और उत्तराखंड में भी लग चुका है। जन प्रतिनिधि अपने लिए सारी सुविधाएं सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं। जनता किस हाल में जी रही है, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। निश्चय ही यह भारतीय राजनीति के पतन का सूचक है।

# अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के उपायों से बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद : विश्लेषक



**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक गतिविधियों और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े से तय होगी। इसके अलावा आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिये सरकार के पिछले सप्ताह प्रोत्साहन उपायों की घोषणा का भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने यह बात कही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्यातकों और रीयल एस्टेट क्षेत्र के लिये 70,000 करोड़ रुपये से अधिक के उपायों की घोषणा की। इनमें अधूरी आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिये वित्त पोषण मुहैया कराने को लेकर एक कोष की स्थापना जैसी योजनाओं के लिये 30 हजार करोड़ रुपये का खर्च शामिल है। सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब आर्थिक वृद्धि दर की रफ्तार कम होकर छह साल के निचले स्तर पर आ गयी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजय कुमार ने कहा, ''वित्त मंत्री के नये उपायों की घोषणा से यह साफ संदेश मिलता है कि सरकार आर्थिक वृद्धि को पटरी पर लाने को शीर्ष प्राथमिकता दे रही है। आवास और निर्यात को बढ़ावा देने के उपायों से रोजगार सृजन में तेजी आएगी...।'' उन्होंने कहा, ''विशेष रूप से निर्माण के करीब पहुंच चुकी 'अटकी परियोजनाओं' के लिये 10,000 करोड़ रुपये का कोष सराहनीय कदम है।'' यह उन आवासीय परियोजनाओं के लिये है जो एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) नहीं बनी हैं या एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण) के पास नहीं गयी हैं। वैश्विक मोर्चे पर सऊदी अरब के दो बड़े तेल संयंत्रों पर यमन के विद्रोहियों के ड्रोन हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव का असर बाजार पर पड़ सकता है। इस हमले से सऊदी अरब का आधे से अधिक उत्पादन प्रभावित हुआ है और इससे वैश्विक बाजार में तेल के दाम पर असर पड़ेगा। कच्चे तेल के दाम में वृद्धि का असर भारत जैसे तेल आयात देशों की राजकोषीय स्थिति पर पड़ेगा। ब्रेंट क्रूड का भाव 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर चल रहा है। इसके अलावा निवेशकों की नजर थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े पर भी होगी। यह आंकड़ा सोमवार को जारी किया जाएगा। एपिक रिसर्च के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुस्तफा नदीम ने कहा, ''इस सप्ताह हमारे पास थोक मुद्रास्फीति जैसे महत्वपूर्ण आंकड़े आने हैं लेकिन व्यापार युद्ध, वैश्विक बाजार की अन्य गतिविधियों का भी असर होगा। बाजार की चाल वैश्विक बाजारों की दिशा से प्रभावित हो सकती है।'' विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव तथा विदेशी पूंजी प्रवाह का भी कारोबारी धारणा पर असर पड़ेगा। साथ ही निवेशकों की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के बारे में निर्णय और फेडरल ओपन मार्केट कमिटी के आर्थिक अनुमानों पर होगी। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार तनाव कम होने के संकेत से पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 403.22 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की तेजी आयी। शुक्रवार को सेंसेक्स 280.71 अंक की बढ़त के साथ 37,384.99 अंक पर बंद हुआ।

## बैडमिंटन : सेन ने जीता बेल्जियन इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब

**लेउवेन (बेल्जियम)।** यूथ ओलम्पिक में रजत पदक जीत चुके भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बेल्जियन इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। सेन ने दूसरी सीड डेनमार्क के विक्टर स्वेंड्सन के खिलाफ उलटफेर करते हुए सीधे सेटों में 21-14, 21-15 से जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ी को यह मैच जीतने में केवल 34 मिनट का समय लगा। सेन फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सहज नजर आए और उन्होंने दोनों गेमों में डेनमार्क के खिलाड़ी को लय नहीं पकड़ने दी। सेन ने नेट पर बेहतरीन खेल दिखाया तो वहीं उनके स्मैश भी दमदार रहे।

## आईसीआईसीआई बैंक ने दिया झटका, अब जमा-निकासी पर इस दिन से लगेगा 100-125 रुपये का शुल्क



**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां केंद्र सरकार बैंकिंग नियमों को ग्राहकों की सुविधानुसार आसान बना रही है। वहीं निजी क्षेत्र के बड़े बैंक आईसीआईसीआई ने अपने ग्राहकों को जोर का झटका दिया है। बैंक के जीरो बैलेंस खाताधारकों को 16 अक्टूबर से शाखा से हर कैश विदड्रॉल के लिए 100 रुपये से 125 रुपये का शुल्क देना होगा। अगर ग्राहक बैंक की शाखा में मशीन के जरिये पैसे जमा करते हैं तो इसके लिए भी उन्हें शुल्क अदा करना होगा। आईसीआईसीआई बैंक ने शुक्रवार रात अपने अकाउंट होल्डर्स को जारी एक नोटिस में कहा, हम अपने ग्राहकों को बैंकिंग ट्रांजैक्शंस डिजिटल मोड में करने के लिए उत्साहित करते हैं, जिससे डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव को बढ़ावा मिले।

बता दें कि बैंक ने मोबाइल बैंकिंग या इंटरनेट बैंकिंग के जरिये होने वाले एनईएफटी, आरटीजीएस तथा यूपीआई ट्रांजैक्शंस पर लगने वाले तमाम तरह के शुल्क को खत्म कर दिया है।

आईसीआईसीआई बैंक की शाखाओं से 10,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक के एनईएफटी ट्रांजैक्शन पर 2.25 रुपये से लेकर 24.75 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) का चार्ज देना पड़ता है। वहीं, शाखाओं से दो लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक किए जाने वाले आरटीजीएस ट्रांजैक्शन के लिए 20 रुपये से लेकर 45 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) का चार्ज देना पड़ता है।

बैंक ने अपने जीरो बैलेंस अकाउंट होल्डर्स से अनुरोध किया है कि वे अपने अकाउंट को या तो किसी अन्य बेसिक सेविंग्स अकाउंट में बदल लें या अकाउंट बंद कर दें।

## आज का राशिफल

**मेषः-** अच्छी खबर प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। हल्की हंसी-मजाक से बचें। शत्रु प्रताड़ित कर सकते हैं। आत्मसम्मान बना रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलता रहेगा।

**वृषः-** कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यापार की दृष्टि से की गई यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में सम्मान मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न लें।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण निर्णय लेने की स्थिति में जल्दबाजी न करें। भावना में न बहें। कार्यकुशलता में कमी होगी। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। विवेक का प्रयोग करें।

**कर्कः-** व्यावसायिक यात्रा लंबी व सफल रहेगी। रुका हुआ पैसा मिल सकता है। नए काम मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग व प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**सिंहः-** आर्थिक उन्नति के लिए किए गए निर्णयों का लाभ मिलना शुरू हो सकता है। मित्रों व रिश्तेदारों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापारिक लाभ में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कन्याः-** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। रुके काम अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। किसी विवाद में अपना पक्ष मजबूती से रख पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे।

**तुलाः-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में अतिरिक्त सावधानी रखें, विशेषकर गृहिणियां घर में कार्य करने वक्त लापरवाही न करें। शारीरिक हानि की आशंका है।

**वृश्चिकः-** राजकीय कार्यों में विशेष सफलता के योग हैं। किसी बड़े विवाद का हल प्राप्त होगा। विजय प्राप्त होगी। विवाह के उम्मीदवारों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है।

**धनुः-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नए काम मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्थायी संपत्ति के सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकरः-** विवाह के उम्मीदवारों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपना कार्य कुशलता से कर पाएंगे। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कुंभः-** दौड़धूप अधिक होने से थकान व कमजोरी रह सकती है। अतिउत्साह में कोई गलत निर्णय न लें। बुरी खबर मिल सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। यथासंभव यात्रा टालें। जोखिम न लें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीनः-** जल्दबाजी न करें। चोट लगने की आशंका है। थोड़े प्रयास से ही काम पूरे होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में नए प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

## मारुति त्यौहारी सीजन में वाहनों की बिक्री बढ़ने को आशान्वित




**नई दिल्ली।** देश के आटोमोबाइल क्षेत्र में दो वर्ष की सर्वाधिक मंदी के कारणों को लेकर छिड़ी बहस के बीच अग्रणी यात्री कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड चालू त्यौहारी सीजन में वाहनों की बिक्री बढ़ने को लेकर पूरी तरह आशान्वित है किंतु संभावित बढ़ी मांग को आगे भी सतत रुप से कैसे बरकरार रखा जाये इसे लेकर फिक्रमंद है। अगस्त..19 में देश में वाहन बिक्री में आई गिरावट के लिए अलग-अलग कारण गिनाये जा रहे हैं और इसको लेकर बहस छिड़ी हुई है ।

मारुति सुजुकी के कार्यकारी निदेशक (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि वाहनों की मांग में कमी कोई एक माह में नहीं आई है । उन्होंने कहा कि 2018..19 की पहली तिमाही के बाद जुलाई..18 से वाहनों की बिक्री में गिरावट का दौर शुरु हुआ और यह पिछले 14 माह में गहराता चला गया।

## ईपीएल : नार्विच सिटी ने रोका मैनचेस्टर सिटी का 18 मैचों से चला जा रहा विजयरथ

**नार्विच (इंग्लैंड) ।** नार्विच सिटी ने शनिवार को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मौजूदा सीजन में चौंकाने वाला नतीजा देते हुए अपने घर में मौजूदा चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से हरा दिया।


इसके साथ नार्विच सिटी ने ईपीएल में बीते 18 मैचों से चला आ रहा सिटी का विजयरथ रोक दिया। मेजबान टीम ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर चैम्पियन टीम को जनवरी के बाद पहली हार के लिए मजबूर किया।

अपने खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही नार्विच के लिए इस मैच में केनी मैक्लीन ने 18वें, टाड कांटवेल ने 28वें और टीमू पुक्की ने 50वें मिनट में गोल किए। सिटी के लिए सर्जियो एग्वेरो ने 45वें और रोड्री ने 88वें मिनट में गोल किए।

मध्यांतर तक विजेता टीम 2-1 से आगे थी। उसके लिए मैक्लीन ने एमिलियानो ब्यूंडिया के कार्नर पर मैच का पहला गोल किया जबकि कांटवेल ने मार्को स्टीपरमैन और पुक्की की मदद से टीम को 2-0 से आगे कर दिया लेकिन एग्वेरो ने मध्यांतर से ठीक पहले हेडर के जरिए एक बेहतरीन गोल करते हुए सिटी का खाता खोला।

हालांकि मध्यांतर के ठीक बाद अर्जेंटीना के लिए खेलने वाले पुक्की ने सिटी के डिफेंडरों के बीच हुई गलतफहमी का फायदा लेकर अपनी टीम को 3-1 से आगे कर दिया। खेल खत्म होने से दो मिनट पहले रोड्री ने सिटी के लिए अपना पहला गोल किया।

## भविष्य में कोई पोस्ट डालने से पहले सोचूंगा : विराट



**धर्मशाला ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने महेंद्र सिंह धोनी को लेकर हाल ही में डाले गये अपने पोस्ट पर सफाई देते हुये कहा है कि वह आगे से सोशल मीडिया पर कोई भी तस्वीर डालने और लिखने से पहले कई बार सोचेंगे। विराट ने ट्विटर पर धोनी को लेकर गुरूवार को एक तस्वीर डाली थी जो विश्वकप-2016 के आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक लीग मैच से जुड़ी थी। इस मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच साझेदारी की बदौलत भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। विराट ने धोनी के साथ अपनी तस्वीर डालने के साथ ही इस मैच की रात को बेहद खास बताया था।

भारतीय कप्तान के इस ट्वीट के बाद चौतरफा यह चर्चा गरमा गयी थी कि धोनी संन्यास लेने जा रहे हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया पर यह भी कहा जाने लगा कि धोनी मुंबई में सात बजे संवाददाता सम्मेलन में अपने संन्यास की घोषणा करेंगे। मामला गरमाता देख भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चयनकर्ता प्रमुख एमएसके प्रसाद ने इसे खारिज किया। वहीं थोड़े समय बाद यह स्पष्ट हुआ कि धोनी इस दौरान अपने परिवार के साथ अमेरिका में हैं। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को धर्मशाला में होने वाले तीन मैचों की ट्वंटी 20 सीरीज़ के पहले मैच की पूर्व संध्या पर शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में इस पोस्ट के सवाल पर हंसते हुये कहा, मैंने जब यह पोस्ट डाला तो मेरे ज़हन में कुछ भी नहीं था। मैं तो घर पर बैठा था और मैंने ऐसे ही यह तस्वीर पोस्ट कर दी।

## सोना 1200 रुपए टूटा, चाँदी 2050 रुपए फीकी पड़ी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों कीमती धातुओं में गिरावट और घरेलू स्तर पर डॉलर की तुलना में भारतीय मुद्रा में रही मजबूती के कारण बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1200 रुपये टूटकर 38370 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा और चांदी 2050 रुपये फीकी पड़कर 46450 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, विदेशों में सोना हाजिर समीक्षाधीन अवधि में करीब 19 डॉलर की गिरावट के साथ 1,488.45 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

## हेल्दी और टेस्टी मिठाई बनाने की विधि...



### आवश्यक सामग्री :

- दूध - 3 कप
- शहद - 3 टेबल स्पून
- शक्कर - इच्छानुसार
- गार्निशिंग के लिए - अनार

### बनाने की विधि :

सबसे पहले एक पैन में ओट्स और कॉर्नफ्लेक्स को मंदी आंच पर भून लें। इसे मिक्सी में पीस लें। अब केले और सेब को काट लें।एक चैथाई कप दूध लेकर मिक्सी के जार में डालें। उसमें भूना हुआ ओट्स, कॉर्नफ्लेक्स डालकर मिक्सी में पीसे फिर उसमें केले और सेब डालकर मिक्सी में दोबारा पीस लें।एक पैन में पिसा हुआ कॉर्नफ्लेक्स, ओट्स और फलों का मिश्रण डालकर पकाएं। फिर उसमें ताजा क्रीम मिलाएं और गैस बन्द कर दें। एक बाउल में निकालकर उसमें शहद, शक्कर और फल मिलाकर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 87

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | दां | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | [illegible] | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |